the Indo-Pak border in Punjab and Rajasthan and for the remaining areas in these States, similar action is in progress. Adequate measures have also been taken to further strengthen the border in Jammu & Kashmir. Steps are also being initiated to provide the BSF with the necessary equipment, and the wherewithal to effectively check unauthorised movement across the border.

**उड़ीसा के अस्पतालों में रिक्त पद**

*216. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केंद्र सरकार द्वारा उड़ीसा में चलाए जा रहे अस्पतालों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन अस्पतालों में डाक्टरों के कितने पद रिक्त पड़े हुए हैं और वे कब से रिक्त हैं ; और

(ग) इन पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं और उन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री एम. एल. फोतेदार) :** (क) से (ग) केंद्रीय मंत्रालयों से प्राप्त हुई सूचना के अनुसार उड़ीसा राज्य में केंद्रीय सरकार के अधीन चार (4) अस्पताल हैं । इन अस्पतालों का ब्यौरा इस प्रकार है :—

**रेल मंत्रालय**

1. रेलवे अस्पताल, खुर्दा रोड ।
2. रेलवे अस्पताल, बांडामूंडा ।

**श्रम मंत्रालय**

3. केंद्रीय अस्पताल, जोडा ।

**गृह मंत्रालय**

4. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अस्पताल

इस मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार उड़ीसा राज्य में कुछ स्वायत्तशासी अस्पताल हैं तथा ऐसे अस्पताल हैं जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधीन कार्य कर रहे हैं, जिनके नाम नीचे दिए गए है:—

**स्वायत्तशासी अस्पताल**

1. ई.एस.आई., अस्पताल, ढोडुवार ।
2. ई.एस.आई, अस्पताल, ब्रजराज ।
3. पारादीप पत्तन अस्पताल ।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अस्पताल**

1. आयरन माइन्स हास्पिटल, बरसुआन ।
2. बी.एस.एल. कंपनी हॉस्पिटल, बीरमित्रपुर ।
3. नेलको हॉस्पिटल, दमनजोडी ।
4. नेलको हास्पिटल, अंगोल ।

चूंकि उपर्युक्त कोई भी अस्पताल इस मंत्रालय के अधीन कार्यरत नहीं है, इसलिए इन अस्पतालों में रिक्त पड़े डाक्टरों के पदों की संख्या से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं है । तथापि, जहां तक खुर्दा रोड स्थित रेलवे अस्पताल का संबंध है, यह सूचित किया गया है कि उस अस्पताल में पदधारी के अधिवर्षितावय प्राप्त कर लेने के कारण एक रिक्ति थी ।

**दिल्ली में मिलावट वाले पेट्रोल की बिक्री**

*217 **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मोम अफजल :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली के कुछ पैट्रोल पम्पों पर मिट्टी का तेल मिला हुआ पैट्रोल बेचा जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार की इस बात की भी जानकारी है कि दिल्ली के पैट्रोल पम्प